# कार्यालय : प्रबन्धक, लाल बहादुर शास्त्री शहीद इं0कॉ0, सरेनी–रायबरेली

विज्ञप्ति संख्या : नियुक्ति/2022–23 दिनांक– 07/10/2010

## विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या:2058/15–05–2021–1600(359)/2014, दिनांक–25/11/2021 तथा शासनादेश संख्या–11154/15–05–2022–1600(359)/2014 माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक–04 जुलाई, 2022 के क्रम में संस्था में रिक्त सहायक लिपिक अनारक्षित पद पर निर्धारित अनिवार्य शैक्षिक अर्हतायें रखने वाले भारतीय नागरिकों से आवेदन आमन्त्रित किये जाते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र प्रबन्धक, लाल बहादुर शास्त्री शहीद इण्टर कॉलेज, सरेनी–रायबरेली को रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित करें तथा उसकी छायाप्रति जिला विद्यालय निरीक्षक, रायबरेली की ई–मेल आईडी–(diosrblclerkapplication@gmail.com) पर भेजी जायेगी।

रिक्त पद का विवरण निम्नवत हैः–

| पदनाम | आरक्षण | वेतनमान | पदों की संख्या | आवेदन करने की अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| सहायक लिपिक | अनारक्षित | 5200–20200<br>लेवेल–03<br>वेतन–21700<br>ग्रेड–2000 | 01 | दिनांक 27 अक्टूबर, 2022 की सायं 05:00 बजे तक |

1. आवेदन हेतु पात्रता–
   - उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के द्वारा सम्पन्न करायी गयी प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET) में 50 प्रतिशत एवं अधिक पर्सेन्टाइल स्कोर प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी प्रश्नगत चयन के लिए आवेदन करने हेतु पात्र होंगे। (PET) स्कोर से तात्पर्य आवेदन की तिथि पर उ0प्र0 अधीनस्थ सेव चयन आयोग की घोषित वैध स्कोर से है।
2. चयन हेतु शैक्षिक अर्हताः–
   1. माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित इण्टरमीडिएट अथवा उसके समक्ष कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण हो।
   2. माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के साथ–साथ अथवा किसी राज्य सरकार द्वारा स्थापित किसी संस्था/शिक्षा बोर्ड/परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल अथवा इण्टरमीडिएट परीक्षा में पृथक विषय के रूप में कम्प्यूटर साइन्स विषय को लिया गया हो।

      **अथवा**

      कम्प्यूटर संचालन का डोएक/निलिट द्वारा प्रदत्त सी0सी0सी0 प्रमाण पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाण पत्र।

      **अथवा**

      कम्प्यूटर साइन्स में डिप्लोमा/डिग्री।

      कम्प्यूटर में उच्च योग्यता धारी कम्प्यूटर में डिप्लेमा, डिग्री, पी0जी0डी0सी0ए0, बी0सी0ए0, एम0सी0ए0 तथा ग्रेजुएशन अथवा उच्च डिग्री (बी0ए0, बी0एस0सी, बी0टेक0, एम0एस0सी0, एम0बी0ए0) में कम्प्यूटर के रूप में अथवा एक सेमेस्टर में कम्प्यूटर कोर्स धारित।
   3. कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण गति न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट एवं कम्प्यूटर पर अंग्रेजी टंकण गति न्यूनतम 30 शब्द प्रति मिनट होगी।
3. आयु सीमा–
   - अभ्यर्थी की आयु 01 जुलाई, 2022 को न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए।

   **नोटः**– उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और ऐसे अन्य श्रेणी के अभ्यर्थियों की दशा में उच्चतर आयु सीमा में उतने वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी, जितनी राज्य सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट हो। कार्मिक अनुभाग–2 के शासनादेश संख्या–

22/21/1983 कार्मिक–2, दिनांक–28/11/1985 के अनुसार वर्गीकृत खेलों के कुशल खिलाड़ियों को अधिकतम 05 वर्ष की छूट अनुमन्य होगी। भूतपूर्व सैनिकों के लिए अधिकतम आयु सीमा में 03 वर्ष की छूट अनुमन्य होगी। भूतपूर्व सैनिक श्रेणी हेतु आरक्षित पदों के सापेक्ष आवेदन करने एवं आरक्षण का दावा करने वाले भूतपूर्व सैनिक को उत्तर प्रदेश लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांग, स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित और भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण) अधिनियम–1993 (यथा संशोधित) में विहित भूतपूर्व सैनिक की परिभाषा के अन्तर्गत परिभाषित होना आवश्यक है और ऐसे अभ्यर्थियों के आवेदन की अन्तिम तिथि तक सेना से कार्यमुक्त होना अनिवार्य है। समाज के दिव्यांगजनों को उत्तर प्रदेश सरकार के अद्यतन नवीनतम विद्यमान कार्मिक अनुभाग–2 के शासनादेश संख्या–18/01/2008–का–2–2008 दिनांक–03/02/2008 के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में 15 वर्ष की छूट अनुमन्य होगी।

4. आवेदन शुल्क–लिपिक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के रिक्त पदों पर आवेदन हेतु निम्नानुसार श्रेणीवार आवेदन शुल्क अनुमन्य होगा।

| क्रम संख्या | श्रेणी | आवेदन शुल्क (रु0) |
|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित (सामान्य)/अन्य पिछड़ा वर्ग | 750.00 |
| 2 | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ई0डब्ल्यू0एस0 | 500.00 |

**नोटः– आवेदन शुल्क बैंक ड्राफ्ट/पोस्टल आर्डर एवं एनईएफटी के माध्यम से संस्था के प्रबन्धक लाल बहादुर शास्त्री शहीद इण्टर कॉलेज, सरेनी–रायबरेली के संचालित खाते में जमा किया जायेगा। खाता संख्या–50060200000127 आईएफएससी–BARB0BUPGBX बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक सरेनी, रायबरेली।**

5. **अभ्यर्थी हेतु निर्देशः–**
   - ऐसे पुरूष अभ्यर्थी जो विवाहित हैं तथा जिनकी एक से अधिक जीवित पत्नियां हैं अथवा ऐसी महिला अभ्यर्थी जिसने ऐसे पुरूष से विवाह किया हो जिसकी पहले से ही एक जीवित पत्नी है पात्र नहीं माने जाएंगे।
   - आवेदन स्वीकार किये जाने की अन्तिम तिथि तक ही अभ्यर्थी द्वारा धारिता अर्हता स्वीकार की जायेगी। आवेदन की अन्तिम तिथि के बाद ग्रहण की गई योग्यता/अर्हता पात्रता हेतु मान्य नहीं होगी।
   - किसी भी अभ्यर्थी को अपने आवेदन पत्र से गलत तथ्यों को दिये गये प्रमाण पत्र के आधार पर पुष्टि नहीं की जा सकती, देने पर प्रसंग अध्ययन से (Debar) प्रस्तावित किया जा सकता है।
   - हाईस्कूल अथवा समकक्ष उत्तीर्ण परीक्षा के प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि ही मान्य होगी। जन्मतिथि हेतु उक्त प्रमाण पत्र के अतिरिक्त अन्य कोई अभिलेख मान्य नहीं होगा। आवेदन के साथ शैक्षिक प्रमाण पत्रों की प्रमाणित छायाप्रति तथा आवेदन के के समक्ष नवीनतम फोटो लगा होना चाहिए।
   - निर्धारित आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत दिशा–निर्देश विद्यालय की वेबसाइट http://lbssicsareni.in/ से प्राप्त किया जा सकता है।

प्रबन्धक
लाल बहादुर शास्त्री शहीद इण्टर कॉलेज,
सरेनी–रायबरेली।